JONJUA OVERSEAS LIMITED
(A Company listed and traded on the BSE SME)
CIN: L51909PB1993PLC013057
REGD.OFFICE: HM 228, PHASE 2, SAS NAGAR
MOHALI 160055 PUNJAB, INDIA.
E-MAIL ID: contactus@jonjua.com
PHONE: 0172-5096032, 4026949, 9872172032, 9988355330
website.www.jonjua.com

To, **12th December 2024**
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai – 400 001
Scrip Code: 542446

Dear Sir / Madam,

Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 30 and Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations")
Ref: Corrigendum advertisement to the Letter of Offer & Abridged Letter of Offer

Pursuant to Regulation 30 & 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as amended, please find enclosed copies of the newspaper publication pertaining to the Corrigendum advertisement to the Letter of Offer & Abridged Letter of Offer regarding upcoming Rights Issue of the Company.

Name of the Newspaper	Language	Edition
Financial Express	English	English National Daily
Jansatta	Hindi	Hindi National Daily

Copy of the advertisement is enclosed for your record.

The Exchange is requested to take the same on record.

Thanking you,

Yours Sincerely,

For ***Jonjua Overseas Limited***

HARJINDER SINGH JONJUA
Digitally signed by HARJINDER SINGH JONJUA
Date: 2024.12.12 23:04:14 Z

Major Harjinder Singh Jonjua Retd.
Managing Director
DIN 00898324

NORTHERN RAILWAY

Principal Chief Materials Manager
Headquarters Office, Baroda House, New Delhi-110001
Mail ID : salenr365@gmail.com

No: 117-S/Sale/Auction Programme/2024-25 **Dated - 11.12.2024**

Corrigendum in December- 2024 Auction Programme of Northern Railway.

Extra dates of the auction programme for the month of December 2024 will be as under:

Sr. No.	Division	Extra date for e-auction
1.	Sr.DMM/MB 0591-2413141	20.12.2024

All other auction dates, auction times, and terms & conditions advised earlier will remain same.
For further details regarding e-auction please visit Railway website **'www.ireps.gov.in.'**

(Sandeep Kumar Singh)
Dy.CMM/E

3809/2024

SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE

JONJUA

JONJUA OVERSEAS LIMITED

Registered Office: 545, Jubilee Walk Sector 70 Mohali, Chandigarh Sector 71, Rupnagar, S.A.S. Nagar (Mohali), Punjab, India, 160071;
Telephone: +91 9872172032; **Email:** contactus@jonjua.com; **Website:** www.jonjua.com;
Contact Person: Ms. Vaishali Rani, Company Secretary and Compliance Officer;
Corporate Identification Number: L51909PB1993PLC013057

This is only an advertisement for information purposes and not for publication, distribution or release directly or indirectly outside India. This notice does not constitute an offer or invitation or inducement to purchase or sell or to subcribe for, any new securities of the Company. All capitalized terms used and not defined here shall have the meanining assigned to them in the Letter of Offer dated November 26, 2024 filed with BSE Limited ("BSE" or "Stock Exchange") and with SEBI for information and dissemination purposes.

CORRIGENDUM TO LETTER OF OFFER & ABRIDGED LETTER OF OFFER DATED NOVEMBER 26, 2024
FOR THE ATTENTION OF SHAREHOLDERS OF JONJUA OVERSEAS LIMITED

The Company through this Corrigendum to the Letter of Offer & Abridged Letter of Offer wishes to bring to the notice of the Shareholders the following amendments:

- Under the heading ***"On Market Renunciation"*** in page 174 of the Letter of Offer and in page 9 of the Abridged Letter of Offer and under the heading "***Trading of the Rights Entitlements"*** in page 168 of the Letter of Offer and page 8 of the Abridged Letter of Offer, the market lot of trading of Rights Entitlements to be read as **"4082 Rights Entitlements"** instead of "One Rights Entitlements" i.e., **"The market lot for trading of Rights Entitlements is 4082 Rights Entitlement."**
- Under the heading ***"Issue Schedule"*** in page 181 of the Letter of Offer, the note to be read as "The above timetable is indicative in nature and does not constitute any obligation on the Company. While our Company shall ensure that all the steps for completion of all the necessary formalities for the listing and trading of our equity shares on the **SME platform of BSE** is taken within the prescribed timelines, the time table may change due to various factors such as extension of the issue period by the Company or any delay in receiving final listing and trading approval from the BSE. The Commencement of the trading of Equity shares will be entirely at the discretion of BSE in accordance with the applicable laws."

The Company has intimated the corrigendum to the Stock Exchange on December 11, 2024. A copy of the corrigendum will also be made available on the Company's website at www.jonjua.com.

For **JONJUA OVERSEAS LIMITED**
Sd/-
Vaishali Rani
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Punjab, Mohali
Date: December 11, 2024

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Overseas Bank (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

RO: Lucknow | CO: Chennai

E-Auction Notice

E-AUCTION SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES

E-Auction Sale Notice for the Sale of immovable Assets under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rules 8(6) of the Security Interest (Enforcement) Rules,2002

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower(s) Mortgagor(s), Guarantor(s), Director(s) and Legal Heir(s) that the below described Immovable Property Mortgaged/charged to the Secured creditor, the symbolic/physical possession of which has been taken by the Authorised Officer of Indian Overseas Bank (Secured creditor), will be sold on **"AS IS WHERE IS","AS IS WHAT IS" and "WHATEVER THERE IS"** on above mentioned date of sale, for recovery of mentioned below amount & future interest and other charges due to the Indian Overseas Bank (Secured creditor) from mentioned below Borrower(s) Mortgagor(s), Guarantor(s), Director(s) and Legal Heir(s). The reserve price and earnest money deposit amount is mentioned below. The sale will be done by the undersigned through e-auction platform provided at the Web Portal **https://baanknet.com.**

Sr. No.	Name & Address of Borrower/Mortgagor/ Guarantors	Description of Immovable properties/Type of Possession	Outstanding Amount	Reserve Price / EMD / Bid Increase Amt.	Last Date for EMD submission	Date & Time of E-Auction
Branch-Lucknow Main Branch (0207), 3 Avanbai Mansion, Vidhan Sabha Marg, Distt.-Lucknow-226001, Uttar Pradesh Ph.-0522-4933155, Email. iob0207@iob.in						
1.	**(1)Mr. Sunil Mishra S/o Shiv Kumar Mishra** (Borrower/ Mortgagor) **(2) Smt. Anita Dixit W/o Sunil Kumar Mishra** (Borrower/Mortgagor) Both R/o Address 1: B-1/111 Sector I, Nigam Traders, Janakipuram Lucknow-226021, Address 2: House Built on Plot No.63. Khasra No.419, Adarsh Colony, Village Madiyaon, Pargana Mahona, Tehsil Bakshi ka Talab, Dist. Lucknow-226021	House on Plot No.63 being a part of Khasra No.419 Minjumla situated at Village Madiyaon, Pargna Mahona Tehsil Bakshi Ka Talab, Distt. Lucknow, UP, **admeasuring 1100 sq. ft. in the name of Mr. Sunil Mishra and Mrs. Anita Dixit, Boundries- North-**House No.62, **South-**House on Plot No.64, **East-** Plot No.66, **West-**Rasta 24 lt wide (More describe in sale deed no-13313 dated 22.03.2021). **Type of Possession-Symbolic**	**Rs. 55,92,304.77** as on 10.12.2024 +further interest at contractual rates and rests, Charges etc	**Rs. 63,33,500/-** / **Rs. 6,33,350/-** / **Rs. 50,000/-**	14.01.2025 upto 04:00 PM	15.01.2025 from 11:00 AM to 3:00 PM (With Auto extension of 10 minutes each till sale is completed)
A/c Details-Indian Overseas Bank, A/c Name -Sarfaesi Sale Parking Account, A/c No. 02070113035001, IFSC Code: IOBA0000207						

***Bank's dues have priority over the Statutory dues.**
For detailed terms and conditions of the sale, please refer to the service provider's link **https://baanknet.com** or bank's website **http://www.iob.in .**
For Properties inspection or Participating in bid of the above properties for any clarification interested purchaser may contact above mentioned Branch Manager/Authorised Officer.

Date: 10.12.2024 **Place:Lucknow** **Authorised Officer, Indian Overseas Bank**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

Regional Office Delhi (Central) 1398, First Floor, Chandni Chowk, Delhi-110006. Tel: 011-41028985

E-AUCTION SALE NOTICE (Under SARFAESI Act 2002)

APPENDIX- IV-A [SEE PROVISO TO RULE 9(1)] SALE NOTICE FOR SALE OF IMMOVABLE PROPERTIES

E-Auction Sale Notice for Sale of Immovable Assets under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 read with proviso to Rule 9(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002.

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the borrower(s) and guarantor(s) that the below described immovable property mortgaged / charged to the secured creditor, the Physical / Symbolic Possession of which have been taken by the **Authorized officer of Central Bank of India,** secured creditors, will be sold on **31.12.2024 "As is where is", "As is what is" and "whatever there is"** basis for recovery of dues to the Central Bank of India from below mention Borrower(s) and Guarantor(s). The Reserve Price and earnest money deposit (EMD) is displayed against the details of respective properties. For detailed terms and conditions of the sale, please refer to the link provided in: **www.centralbankofindia.co.in or (https://BAANKNET.com)**

DESCRIPTION OF PROPERTIES TO BE AUCTIONED ON 31.12.2024 (15 DAYS NOTICE)

Amount in Rupees

S. No.	Name of Branch	Authorised Officer/B.M	Name of the Account	Description of Property & Owner Name	Demand Notice Date & Amount Dues (Rs. in Lakhs)	Date & Type of Possession	Reserve Price / EMD / Bid Increase
1.	Mitrao New Delhi	MR. VARUN KUMAR MOB: 8968475336	ASHOK KUMAR MUNNA	PLOT NO. G-99 & G-99A, 2nd Floor (Front Side), Flat No.S-1, Without Roof Rights, (Building known as Ram Kunal Building), Palam Extension, Sector-7, Dwarka, New Delhi-110045. **Area 720 Sq FT (80 sq. yds.)** **OWNER NAME - Ashok Kumar Munna S/o Mr.Bhagwan Das**	**13.04.2018 Rs.33.01 Lakh** + Interest + Other Charges	01.04.2024 (Physical Possession)	₹ 29,00,000/- / ₹ 2,90,000/- / ₹ 20,000/-

E-AUCTION DATE: 31.12.2024, TIME: 12:00 NOON TO 4:00 P.M WITH AUTO EXTENSION OF 10 MINUTES

Last Date & Time of Submission of EMD and Documents (Online) On or Before: 31.12.2024 Upto 3:30 PM. Bidder will register on **website: https://BAANKNET.com** and upload KYC documents and after verification of KYC documents by the service provider, EMD to be deposited in **BAANKNET.com** EMD wallet through NEFT/RTGS/Transfer / Generation of challan from **(https://BAANKNET.com). The auction will be conducted through common landing platform e-Bikray Portal (https://BAANKNET.com). E-auction will be held "As is where is", "As is what is" and "whatever is there is" basis. (All other charges/ dues to the property will be borne by the purchaser).**
For detailed terms and conditions please refer to the link provided in **www.centralbankofindia.co.in Secured Creditor or** auction platform **(https://BAANKNET.com). Helpdesk: (+91) 8291220220, E-mail: support.BAANKNET@psballiance.com**

NOTICE FOR SUB STATUTORY 15 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 9(1) OF SARFAESI ACT 2002

The borrowers/guarantors/ mortgagors are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with upto date interest and ancillary expenses before the date of e-auction, failing which the property will be auctioned/sold and balance dues, if any, will be recovered with interest and cost.

DATE: 11.12.2024
PLACE: DELHI
Authorised Officer, CENTRAL BANK OF INDIA, R.O. Delhi (Central), Chandni Chowk, Delhi

विपक्षी सांसदों ने तिरंगा, गुलाब का फूल देकर किया विरोध प्रदर्शन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 दिसंबर।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों के सांसदों ने अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर बुधवार को संसद परिसर में अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया और सत्तापक्ष के सदस्यों को तिरंगा एवं गुलाब का फूल भेंट किया।

'इंडियन नैशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन में शामिल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कुछ अन्य दलों के सांसद संसद भवन के मकर द्वार के निकट एकत्र हुए थे और उनके हाथ में तिरंगा व गुलाब के फूल थे। उन्होंने मकर द्वार से संसद भवन में प्रवेश करने वाले भाजपा और सहयोगी दलों के सांसदों को तिरंगा और गुलाब का फूल भेंट किया तथा कहा कि 'देश मत बिकने दें'।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी तिरंगा भेंट करने का प्रयास किया, हालांकि वे मुस्कराते हुए आगे बढ़ गए।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को नीले रंग के झोले के साथ विरोध प्रदर्शन किया था। रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अडाणी समूह के प्रमुख गौतम अडाणी और कंपनी के अन्य अधिकारियों पर अमेरिकी अभियोजकों द्वारा अभियोग लगाए जाने के बाद कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति से आरोपों की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में इस मामले को लेकर उद्योगपति गौतम अडाणी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। अडाणी समूह ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस के साथ गठजोड़ की कोई संभावना नहीं

दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ेगी आप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 11 दिसंबर।

दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की अटकलों को आप ने खारिज कर दिया है। इस सबके बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में स्थिति साफ कर दी है।

वहीं, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने भी कहा कि उनकी पार्टी फरवरी में होने वाले चुनाव में अकेले उतरेगी, क्योंकि वह चुनाव जीतने के लिए बहुत मजबूत स्थिति में है। केजरीवाल ने इन गठबंधन की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया और साफ किया है कि आम आदमी पार्टी 70 विधानसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी।

कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन की संभावना नहीं है। दरअसल, केजरीवाल के बयान से पहले बुधवार को इस तरह की खबरें आ रही थीं कि गठबंधन के लिए कांग्रेस और आप के बीच सहमति अंतिम चरण में है। दावा किया जा रहा था कि कांग्रेस को 15 सीटें और अन्य इंडिया गठबंधन गठबंधन सदस्यों को एक या दो सीटें मिल सकती हैं। वहीं बाकी सभी सीटों पर आम आदमी पार्टी खुद चुनाव लड़ेगी। इन सब खबरों के बीच, अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट लिखकर स्थिति को पूरी तरह से साफ कर दिया और एलान कर दिया कि आप दिल्ली में अकेले ही चुनाव लड़ेगी।

आप अपने प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर चुकी है और तीसरी सूची के भी जल्द जारी होने की संभावना जताई जा रही है।

केजरीवाल के इस बयान के बाद सीट बंटवारे को लेकर चल रही कयासबाजी और अटकलों पर विराम लग गया है। इस बीच बुधवार को कांग्रेस द्वारा आयोजित 'न्याय चौपाल' कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी के नेता राहुल गांधी को शिरकत करनी थी। इस कार्यक्रम का आयोजन आगामी विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली भर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा निकाली गई 'न्याय यात्रा के समापन को लेकर किया गया था। चर्चा यही थी कि ऐसा आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच तालमेल बनने के चलते लिया गया है लेकिन केजरीवाल ने सभी कयासों को पूरी तरह से नकार दिया।

आम आदमी पार्टी की तरफ से 31 प्रत्याशियों को नामों का एलान पहले ही कर दिया गया है। इनमें से बड़ी संख्या में विधायकों के टिकट भी काटे गए हैं। आप अपने प्रत्याशियों की दो सूची जारी कर चुकी है और तीसरी सूची के भी जल्द जारी होने की संभावना जताई जा रही है।

आप को दिल्ली के 2015 के चुनाव में 67 और 2020 के विधानसभा चुनाव में 62 सीटें हासिल हुई थी जबकि भाजपा को क्रमशः 3 और 8 सीटों पर जीत दर्ज कर संतोष करना पड़ा था। कांग्रेस दोनों चुनाव में एक भी सीट हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई थी।

लेखिका सूर्यबाला को 34वां व्यास सम्मान

नई दिल्ली, 11 दिसंबर (भाषा)।

हिंदी की जानी-मानी लेखिका सूर्यबाला को 34वें व्यास सम्मान से नवाज़े जाने का बुधवार को एलान किया गया। केके बिड़ला फाउंडेशन ने एक बयान में बताया कि लेखिका को 2018 में आए उनके उपन्यास 'कौन देस को वासीः वेणु की डायरी' के लिए 2024 का व्यास सम्मान दिया जा रहा है।

बयान के मुताबिक, 25 अक्तूबर 1943 में उत्तर प्रदेश के वाराणसी में जन्मी सूर्यबाला को इस सम्मान के तहत चार लाख रुपए की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय नागरिक की हिंदी की उस उत्कृष्ट साहित्यिक रचना को दिया जाता है जिसका प्रकाशन पिछले 10 साल के दौरान हुआ हो। प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रोफेसर रामजी तिवारी की अगुआई वाली चयन समिति ने 34वें व्यास सम्मान के लिए सूर्यबाला के उपन्यास का चयन किया। काशी विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वाली सूर्यबाला करीब साढ़े चार दशकों से हिंदी साहित्य को समृद्ध कर रही हैं। बयान के मुताबिक, उनके 50 से ज्यादा उपन्यास, कहानी, जीवनी, व्यंग्य, विदेश संस्मरण और बाल उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं।

सरकार ने 9,845 यूआरएल पर रोक लगाने के दिए आदेश

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 दिसंबर।

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 2024 के दौरान, अक्तूबर तक 9,845 यूनिफार्म रिसोर्स लोकेटर (यूआरएल) को रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। इनमें कट्टरपंथी सामग्री भी शामिल है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बुधवार को यह जानकारी दी। उनसे लोगों को खास कर युवाओं को आनलाइन सामग्री के जरिए कट्टरपंथी बनाए जाने के बारे में पूछा गया था।

उन्होंने बताया कि फिलहाल, राज्य पुलिस के अलावा राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) आनलाइन कट्टरपंथी बनाने से संबंधित 67 मामलों की जांच कर रही है।

सिंधिया पर कल्याण की टिप्पणी से हंगामा, लोस की कार्यवाही स्थगित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 दिसंबर।

लोकसभा में बुधवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर की गई टिप्पणी पर सत्ता पक्ष के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार कुछ देर के स्थगन के बाद तीसरी बार दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

बनर्जी ने सदन में 'आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024' पर चर्चा में भाग लेते हुए केंद्र सरकार पर कोरोना महामारी के दौरान पश्चिम बंगाल की सरकार को मदद नहीं करने का आरोप लगाया और जब केंद्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने उनकी बात का विरोध किया तो दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। बनर्जी ने सिंधिया के खिलाफ कोई टिप्पणी की और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने तृणमूल कांग्रेस सदस्य के कुछ शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

बनर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए सिंधिया से माफी मांगी, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह अपने खिलाफ निजी हमले और भारत की महिलाओं के खिलाफ बयान पर विपक्षी सांसद की माफी स्वीकार नहीं कर रहे।

तृणमूल कांग्रेस और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच तकरार के कारण पहले सदन की कार्यवाही चार बजकर 10 मिनट पर आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही पुनः शुरू हुई तो बनर्जी ने अपनी टिप्पणी के लिए सिंधिया से माफी मांगी, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह अपने खिलाफ निजी हमले और भारत की महिलाओं के खिलाफ बयान पर विपक्षी सांसद की माफी स्वीकार नहीं कर रहे। सिंधिया ने कहा कि हम इस सदन में शुद्ध हृदय से देश के विकास की भावना के साथ आते हैं। हम यहां आत्म-सम्मान की भावना से भी आते हैं और यदि कोई भी आत्म-सम्मान पर निजी हमले करेगा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि आप हमारी नीतियों, हमारे विचारों पर हमला कीजिए। लेकिन निजी हमला करने पर जवाब के लिए तैयार रहिए। बनर्जी ने माफी मांगी है, लेकिन 'उन्होंने मेरे खिलाफ निजी टिप्पणी की और भारत की महिलाओं के खिलाफ जो शब्द बोले, उसके कारण मुझे उनकी माफी स्वीकार नहीं।' पीठासीन सभापति ए राजा ने कहा कि अध्यक्ष बिरला ने यह मामला दोनों पक्षों के बीच सुलझाने को कहा है।

भाजपा के सदस्यों ने इस दौरान हंगामा किया और पीठासीन सभापति ए राजा ने कार्यवाही करीब 4.43 बजे शाम पांच बजे तक स्थगित कर दी। पांच बजे बैठक पुनः शुरू हुई तो पीठासीन सभापति राजा ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा में भाग लेने के लिए सपा के सदस्य राम शिरोमणि वर्मा का नाम पुकारा। इस दौरान सत्तापक्ष के सदस्य बनर्जी की टिप्पणी को लेकर विरोध जताते रहे और राजा ने कार्यवाही एक मिनट के अंदर ही गुरुवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी।

नई दिल्ली में यूरोपीय संघ के भारत स्थित प्रतिनिधिमंडल के राजदूत हर्वे डेल्फिन के साथ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

राहुल से मिले यूरोपीय संघ के राजदूत, द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 11 दिसंबर।

भारत में यूरोपीय संघ (ईयू) के राजदूत हर्व डेलफिन ने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की और नई दिल्ली तथा ईयू के संबंधों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

कांग्रेस और डेलफिन ने इस मुलाकात की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा किया। मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि राहुल गांधी और यूरोपीय संघ के राजदूत की मुलाकात के दौरान चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनावों और संकटों से भरी दुनिया में हमारे लोकतंत्रों के संबंधों और भविष्य से संबंधित व्यापक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

डेलफिन ने भी 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के साथ मुलाकात में भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों के लिहाज से प्रासंगिक मुद्दों तथा चुनौतियों, भू-राजनीतिक तनाव तथा संकटों से भरी दुनिया में 'हमारे लोकतंत्रों' के भविष्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।